卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 246 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦17 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## युवक की गोली मारकर हत्या, दो गंभीर

### रंजिशन दो पक्षों में देर रात हुआ खूनी संघर्ष, आरोपी के घर पर पथराव



देहरादून (उद संवाददाता)।रायपुर थाना क्षेत्र के डोभाल चौक पर देर रात लेन देन के विवाद में गोलियों की तड़तड़ाहट से हड़कंप मच गया। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य आइसीयू में भर्ती हैं। बताया जाता है कि हमलावरों ने युवक की मौत के बाद उसका शव नाली में फेंक दिया। मृतक के परिवारजनों ने सुबह जमकर हंगामा काटा और आरोपित के घर पर पथराव किया। बताया जा रहा है कि रायपुर क्षेत्र निवासी रवि बडोला ने अपनी कार देवेंद्र शर्मा उर्फ भारद्वाज को बेचने के लिए दी थी। रवि बडोला कार की कीमत चार लाख रुपए मांग रहा था, लेकिन भारद्वाज ने साढ़े तीन लाख रुपए में किसी के साथ सौदा कर दिया। इस बात से नाराज रवि बडोला अपने दो साथियों सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी के साथ अपनी कार लेने के लिए डोभाल चौक देवेंद्र भारद्वाज के घर जा रहे थे। रात करीब सवा 11 बजे भारद्वाज नशे में धुत था और किसी ने उसे बताया कि बडोला अपने साथियों के साथ उसे मारने आ रहा है। जिस पर उसने भी अपने कुछ साथी बुला लिए। डोभाल (शेष पृष्ठ सात पर)

## नहाने के दौरान गंगा में डूबने से युवक की मौत

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। नदी में नहाते समय एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने इसकी सूचना एसडीआरएफ को दी। पुलिस सूचना मिली कि एक व्यक्ति आवास विकास कॉलोनी



के पास गंगा नदी में नहाते समय डूब गया है। उक्त सूचना पर चौकी एम्स से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा तथा जल पुलिस व एसडीआरएफ को उक्त संबंध में अवगत कराते हुए मौके पर तत्काल पहुंचाने हेतु कंट्रोल रूम ऋषिकेश (शेष पृष्ठ सात पर)

## मारपीट कर ई रिक्शा चालक से फोन और नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में किच्छा बाईपास रोड पर मोदी मैदान के पास कुछ युवकों ने ई रिक्शा चालक से मारपीट कर उसके पास से



मोबाईल तथा नगदी लूट ली। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। आर्दश कालोनी निवासी ललित राणा पुत्र महिपाल ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाता है। 11 जून को रात्रि करीब 12:30 बजे वह ई रिक्शा लेकर मोदी मैदान से खेडा की ओर जा रहा था। रास्ते में 4-5 अज्ञात लडको ने उसे रोका और मोदी मैदान में ले गये। ललित का आरोप है कि वहा पर उक्त लड़के उससे फोन व पैसे छीनने लगे। जब उसने इसका विरोध किया। तो उक्त लडके उसे बैल्ट, डण्डे से बुरी तरह मारने पीटने लगे। जिसके चलते उसके सिर पर खुली चोट आई है। इस दौरान हमलावर लड़कों ने उसका फोन व 1500 रुपए छीन लिया। उसका कहना है कि उक्त लडके ई रिक्शा लेकर भागने वाले थे कि तभी वहा पर आते जाते लोगो को देखकर वह भाग गये।

## कमरे में डाकघर के क्लर्क का शव मिलने से सनसनी

### गांधी कालोनी में किराये का कमरा लेकर रह रहा था मृतक चौखुटिया निवासी कैलाश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं गांधी कालोनी में यहां पोस्ट ऑफिस में क्लर्क पद पर कार्यरत एक कर्मचारी का संदिग्ध अवस्था में शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा और मामले से मृतक के परिजनों को अवगत कराया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से चौखुटिया अल्मोड़ा निवासी 40 वर्षीय कैलाश चन्द्र पुत्र स्व. किशनराम यहां गांधी कालोनी में किरायेदार के रूप में अकेले रहकर पोस्ट ऑफिस शाखा में क्लर्क पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि 14 जून को उनकी पत्नी गीता उनके पास आई थी। कमरे में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद गीता हल्द्वानी चली गई थी। गत सायं आस पड़ोस के लोगों को कमरे से दुर्गन्ध आई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो फर्श पर कैलाश चन्द्र का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने कमरे की छानबीन की और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी यहां आ गये। बताया जाता है कि मृतक की दो पुत्रियां व एक पुत्र है। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## छत से गिरकर सिडकुल कर्मी की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक की रात्रि में सोने के दौरान छत से गिर जाने से मौत हो गई। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम शाहीगंज झारखण्ड निवासी 30 वर्षीय शिवकुमार रविदास पुत्र राजेन रविदास यहां करीब तीन वर्ष से गंगापुर मार्ग पर परिवार के साथ किरायेदार के रूप में रहकर सिडकुल की श्री बालाजी फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि गत दिवस वह ड्यूटी कर घर वापस आया और रात्रि में खाना खाकर सोने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## 7 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



रामनगर(उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान में पुलिस ने एक तस्कर को सात किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। रविवार की शाम पुलिस प्रशासन तथा परिवहन विभाग की संयुक्त टीम आम डंडा क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी बीच वाहन चेकिंग के दौरान कंधे पर बैग लेकर जा रहा एक युवक पुलिस को देखकर मौके से भागने लगा। युवक की हरकत को देखकर पुलिस को जब शक हुआ तो पुलिस ने युवक का पीछा करते हुए कुछ दूरी पर उसे अपनी हिरासत में ले लिया । पुलिस ने जब बैग की तलाशी ली तो बैग के अंदर 7.30 किलो गांजा बरामद हुआ। जानकारी देते हुए सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिजवान बताया। आरोपी मूल रूप से शाहबाद रामपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वर्तमान में रामनगर के शक्ति नगर क्षेत्र में रहता है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज का उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

## इस बार आदि कैलाश से होगा योग दिवस का आगाज

### योग दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ करने आदि कैलाश पहुंचेंगे सीएम धामी



देहरादून (उद संवाददाता)। इस बार आदि कैलाश से योग दिवस का आगाज किया जाएगा। पार्वती सरोवर के किनारे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। आयुष विभाग योग दिवस कार्यक्रम के लिए तैयारियों में जुट गया है। बता दें पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदि कैलाश यात्रा की थी। इसके बाद देश-दुनिया में आदि कैलाश की यात्रा के लिए पर्यटन और श्रद्धालुओं का रुझान बढ़ा। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने पहली आर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आदि कैलाश में मनाने का निर्णय लिया है। पहले योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम हल्द्वानी में रखा गया था। अब इसे बदल कर आदि कैलाश में पार्वती सरोवर किनारे किया जाएगा। चारों ओर हिमाच्छादित पहाड़ियों में मुख्यमंत्री धामी समेत कई वीआईपी योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करेंगे।सचिव आयुश डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि 21 जून को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आदि कैलाश में मनाया जाएगा। इसके अलावा हर जिले में भी योग पर कार्यक्रम होंगे। आदि कैलाश से मुख्यमंत्री योग दिवस का शुभारंभ करेंगे। इसके लिए विभाग जोर शोर से तैयारियां कर रहा है।

## ईद-उल-अजहा पर रहमतों की बारिश के लिए की दुआ







रूद्रपुर/हल्द्वानी/ काशीपुर/जसपुर/ बाजपुर/ सितारगंज (उद संवाददाता) मुस्लिम समाज द्वारा आज ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आज प्रात: नगर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई। मुख्य नमाज मौहल्ला खेड़ा स्थित ईदगाह में आयोजित हुई जहां जामा मस्जिद के इमाम दानिश रजा मिसवाही ने ईद की नमाज अता करवा कर देश व समाज में भाईचारा, अमन चैन व खुशहाली दुंआयें की। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दीं। इस दौरान एसपी मनोज कत्याल, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार आदि पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे। इससे पूर्व डाग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ते द्वारा ईदगाह परिसर का बारीकी से निरीक्षण भी किया गया। इस मौके पर जाहिद रजा रिजवी, बाबू खान, परवेज अहमद, सलीम खान, नदीम खान, शाहिद रजा, डा. शाहखान राजशाही, फखरूद्दीन, जावेद खान,अख्तर अली, लियाकत खान, अबरार हुसैन, उमर अली, फैजान अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ईद के मौके पर कुर्बानी की रस्म भी अदा की गई। **हल्द्वानी**- यहां ईद उल अजहा का पर्व शानौशौकत से मनाया गया। ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में प्रात: ईद की नमाज पढ़ी गई। जामा मस्जिद, ईदगाह, आस्ताना जहांगीरी मस्जिद, मस्जिद चिराग अली शाह बाबा, जलाल शाह बाबा मस्जिद कसावान, इंदिरा नगर बड़ी मस्जिद, ताज मस्जिद, अक्कानी मस्जिद, गफ्फारी (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम धामी से मिले ब्लॉक प्रमुख रणजीत नामधारी

## मानसून से पहले देवहा नदी में पिचिंग की मांग, समस्यायें भी बतायी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। खटीमा ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत खटीमा ब्लॉक प्रमुख ने सीएम धामी को बुके भेंट कर प्रदेश की पांचो लोकसभा सीट व केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने और प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर शपथ लेकर इतिहास रचने पर सीएम धामी को शाल ओढ़ाया। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी खटीमा व नानकमत्ता क्षेत्र के लोगों के साथ मुख्यमंत्री से मिलने के लिए देहरादून पहुंचे। देहरादून में मुख्यमंत्री आवास में सीएम धामी से हुई भेंट में ब्लॉक प्रमुख नामधारी ने प्रतापपुर की सड़क, नोसर की सड़क के निर्माण , देवहा नदी से मोहम्मदपुर भुडिया गांव को हो रहे नुकसान की जानकारी दी।



साथ ही नामधारी ने कहा कि बरसात के समय में परवीन नदी विकराल रूप धारण कर लेती है। जिससे प्रतापपुर उसके आसपास के 16 गांव जल भराव की समस्या से जूझते हैं। इसे देखते हुए परवीन नदी में जमा सिल्ट का निकल जाना बेहद जरूरी है। इसके अलावा देवहा नदी से कृषि भूमि नदी में समा रही है । कृषि भूमि को बचाने के लिए यहां बरसात से पहले सेंड पिचिंग और बरसात के बाद पत्थर पिचिंग वायर क्रिएट सहित लगाया जाना बेहद आवश्यक है । इसके अलावा नामधारी ने हर घर जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन घटिया होने की वजह से लोगों को पानी नही मिल रहा है। जिसकी जांच किया जाना बेहद आवश्यक है। ब्लॉक प्रमुख ने 26 जून को होने वाली क्षेत्र पंचायत की बैठक में जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के पहुंचने की बात भी कही। सीएम ने ब्लॉक प्रमुख की बात सुनने के बाद दिवस अधिकारी दिनेश यादव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रमुख द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं उन पर शीघ्र उचित कार्रवाई करें।

# रक्तदान शिविर में कई लोगों ने किया रक्तदान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री दीपांशु शर्मा ने वार्ड नं 16 बाजार क्ष्रेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में दीपांशु ने बताया कि पहाड़ से लोग और बड़ी दूर से लोग अस्पतालों में आते जाते हैं ब्लड के लिए पर लोगों को अस्पतालों में रक्त नहीं मिल पाता है । इसीलिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रंजन सिंह, भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव जोशी,कार्तिक हरबोला, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुशल, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री कनिष्क ढींगरा, युवा मोर्चा के जिला कार्यालय मंत्री रक्षित तिवारी, युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष रिशु शर्मा के अलावा रौनक कुमार, निखिल शर्मा, भारत केसरवानी, आनंद कश्यप, सचिन कुमार, निखिल जोशी, प्रीतम सिंह रावत, दिनेश जोशी, संदीप सिंह धामी, शाहनवाज पवार, मयंक नेगी, जय सक्सेना, ललित बोरा, राहुल जोशी, कमलेश शर्मा, मोहित कांडपाल, अल्तमस खान, मयंक जोशी, कमल शर्मा आदि मौजूद थे।




# हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री

चमोली। पंडित धीरेंद्र शास्त्री रविवार को उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे है। यहां वह 17 जून से लेकर 19 जून तक भव्य कथा का आयोजन करेंगे। जानकारी के अनुसार पंडित धीरेंद्र शास्त्री हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका फूलमाओं से भव्य स्वागत किया। इसके बाद खाक चौक आश्रम पहुंचकर भगवान बजरंगबली की विशेष पूजा अर्चना की। बताया जा रहा है कि वह यहां परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में श्री बदरीनाथ महात्म्य कथा का आयोजन करेंगे। कथा को लेकर सेवकों ने तैयारी भी तेज कर दी है। यह कथा बागेश्वर धाम सरकार के फेसबुक पेज पर लाइव भी देखी जा सकेगी।पंडित धीरेंद्र शास्त्री पूर्व में भी कई बार उत्तराखंड आ चुके हैं वहीं अब चारधाम यात्रा के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री के उत्तराखंड पहुंचने पर उनके भक्तों में काफी उत्साह छाया हुआ है।




# बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस ने तीन प्रत्याशियों के नाम भेजे

देहरादून। कांग्रेस विधायक व बदरीनाथ उपचुनाव के पर्यवेक्षक विक्रम नेगी ने शनिवार को उपचुनाव के लिए तीन संभावित प्रत्याशियों के नाम प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से आलाकमान को भेज दिए हैं। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। बैठक में पर्यवेक्षक ने लखपत भटोला, प्रकाश रावत और नरेशानंद नौटियाल का नाम संभावित प्रत्याशियों के रूप में प्रेषित किया। जिस पर बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपनी सहमति जताई। हाईकमान से जल्द निर्णय लेने का अनुरोध किया। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने उन्हें आश्वस्त किया कि अतिशीघ्र ही बदरीनाथ व मंगलौर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशियों का नाम आधिकारिक रूप से जारी कर दिए जाएंगे। साथ ही सहप्रभारी दीपिका पांडे को उत्तराखंड पहुंच कर चुनाव प्रचार, प्रसार और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई। वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, सहप्रभारी दीपिका पांडे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, बदरीनाथ विधानसभा पर्यवेक्षक तथा विधायक विक्रम नेगी, चमोली जिला अध्यक्ष मुकेश नेगी, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, प्रदेश अध्यक्ष के सलाहकार अमरजीत सिंह मौजूद रहे।

# रेल सुरंग में चट्टान गिरने से श्रमिक की मौत

## कंपनी के सात कर्मचारी व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ऋषिकेश। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना की सुरंग में चट्टान गिरने से एक श्रमिक की मौत हो गई। इस मामले में स्वजन ने काम कर रही कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। जिस पर पुलिस ने निर्माण कंपनी के सात अधिकारी, कर्मचारी व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में वेद प्रकाश पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट तपोवन, थाना जोशीमठ, जिला चमोली गढ़वाल ने थाना मुनिकीरेती में तहरीर दी। जिसमें कहा कि चचेरा भाई वेद प्रकाश निवासी ग्राम व पोस्ट- तपोवन थाना जोशीमठ जिला चमोली कर्णप्रयाग रेल परियोजना में कौडियाला में पैकेज-3 में काम कर रही कंपनी नवयुगा में कार्यरत था। आरोप है कि नवयुगा कंपनी कौडियाला में कार्यरत साईट इंजीनियर रंगनाथ, सेफ्टी अफसर मनोज पोखरियाल, पीआरओ रंजन भंडारी, टनल इंचार्ज नरेंद्र कुमार, सुपरवाईजर कमल, ठेकेदार जितेंद्र कुमार तोमर व एचआर भुवन चंद्र जोशी ने कौडियाला स्थित रेलवे प्रोजेक्ट पैकेज-तीन में लापरवाहीपूर्वक कार्य करवाते हुए चचेरे भाई कमलेश पंत (29 वर्ष) को 10 जून को सीधे टनल के फेस के अंदर भेज दिया। जिससे अचानक चट्टान गिरने पर भाई कमलेश पंत को गंभीर चोट आई। उपचार के दौरान 13 जून को चचेरे भाई की मृत्यु हो गई। उसके साथी इमरान निवासी ग्राम मल्लीपुर सहारनपुर उत्तर प्रदेश व प्रमुख कंवर निवासी वसबेरवा पोस्ट पतगोडा थाना हंसडिहा दुमका झारखंड को भी गंभीर चोटें आई है। मुनिकीरेती थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सभी सात आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की विवेचना चौकी प्रभारी व्यासी उप निरीक्षक धनंजय कुमार को सौंपी गई है।

# 18 जुलाई से शुरू होगी 10वीं और 12वीं की अंक सुधार परीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की अंक सुधार परीक्षा 18 से 24 जुलाई तक होगी। परीक्षा के लिए राज्यभर में 98 केंद्र बनाए गए हैं। वर्ष 2023 के छात्र-छात्राओं के लिए यह तीसरा व अंतिम एवं वर्ष 2024 के छात्र-छात्राओं के लिए पहली अंक सुधार परीक्षा होगी। उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं के दो और 12वीं के एक विषय में फेल छात्र-छात्राओं को परीक्षा में पास होने के लिए तीन मौके दिए जा रहे हैं। 18 जुलाई से शुरू हो रही अंक सुधार परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। इस दिन हाईस्कूल का हिंदी और इंटरमीडिएट की हिंदी, कृषि हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत की परीक्षा होगी। 19 जुलाई को हाईस्कूल की अंग्रेजी और इंटरमीडिएट की इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, ड्राइंग एंड पेंटिंग, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र,शिक्षा शास्त्र, सैन्य विज्ञान की परीक्षा होगी। 20 जुलाई को 10वीं की उर्दू और संस्कृत एवं 12वीं की गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखा शास्त्र, व्यावसायिक अध्ययन व कंप्यूटर। 23 जुलाई को 10वीं के छात्रों की सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रिटेल एवं सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। जबकि 12वीं के छात्रों की कृषि शस्य विज्ञान प्रथम, कृषि वनस्पति विज्ञान द्वितीय, कृषि भौतिक एवं जलवायु विज्ञान तृतीय, कृषि, गणित व प्रारंभिक सांख्यिकी पंचम, कृषि अर्थशास्त्र सप्तम, कृषि जंतु विज्ञान अष्टम, कृषि रसायन विज्ञान दशम की परीक्षा होगी। वहीं, 24 जुलाई को 10वीं के छात्रों की विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। दिव्यांगों को परीक्षा के लिए अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

# छबील लगाकर राहगीरों को गर्मी से दिलाई राहत

किच्छा(उद संवादाता)। निर्जला एकादशी पर पुरानी गल्ला मंडी स्थित साई मंदिर में मंदिर के अध्यक्ष संजीव खन्ना एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल के अलावा अग्रवाल महिला समिति ने असहनीय गर्मी के बीच छबील लगाकर मीठे जल का वितरण किया तथा आम जनता को भीषण गर्मी से राहत देने की भगवान से प्रार्थना की। प्रात: ही अग्रवाल महिला समिति द्वारा एवं साई मंदिर के अध्यक्ष संजीव खन्ना द्वारा नगर के पुराने गल्ला मंडी स्थित साइ मंदिर के सम्मुख छबील लगाकर मीठे जल के वितरण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें नगर के सैकड़ो समाज से राजनीति के संगठनों की लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा अग्रवाल महिला समिति द्वारा भी अलग से छबील लगाकर मीठे जल का वितरण निर्जला एकादशी के उपलक्ष में किया। वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल ने कहा कि निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर आम जनता को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए मीठा जल वितरित किया जाता है तथा इंद्र देवता से वर्षा कर जनता को गर्मी से राहत देने की प्रार्थना की गई इसके अलावा नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सैकड़ो छवि लगाई गई है तथा मीठे जल का वितरण किया जा रहा है यही नहीं नगर क्षेत्र के आसपास ग्रामीण क्षेत्र में भी समाज सेवी एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा छबील लगाकर मीठे जल का वितरण आम जनता के लिए किया गया। पुरानी गल्ला मंडी में छबील लगाकर जल का वितरण करने वालों में अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष मंजू गोयल, महामंत्री रितु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निधि मित्तल, उपाध्यक्ष अंजु गोयल, पूनम अग्रवाल, रंजन गुप्ता, लता गोयल, सुनीता मित्तल,आशा अग्रवाल, कांता गोयल, रक्षा बंसल, वीणा गोयल, के अलावा पुरुषों में कैलाश खन्ना, प्रवीण सोनी, मदन मोहन अग्रवाल, धनीराम, जितेश सक्सेना, पंडित सौरभ शर्मा, शास्त्री मेथानी, बबली आदि थे।



योग को अपनाने का लो संकल्प
स्वस्थ रहने का यही है विकल्प
करो योग, रहो निरोग.
जनहित में जारी



हिन्दी सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दर्पण
Follows us UttaranchalDarpan.in
Follows us darpannews.net
Follows us DARPAN NEWS
Watch us DARPAN NEWS

# व्यापार मण्डल चुनाव संचालन समिति पर उठे सवाल

**कैलाश पंडित**

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नगर व्यापार मंडल की इकाई के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने के बाद अध्यक्ष, महामंत्री कोषाध्यक्ष पद के दावेदारों द्वारा चुनाव समिति पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बीच निवर्तमान नगर व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा द्वारा चुनाव समिति के खिलाफ खुलकर अभियान छेड़ने की तैयारी के चलते माहौल गर्मा गया है। निवर्तमान महामंत्री विजय अरोड़ा का कहना है कि व्यापार मंडल के सदस्यता अभियान में पारदर्शिता नहीं है। कुछ प्रत्याशियों द्वारा व्यापारियों की आईडी इकट्ठा कर सदस्य अभियान चला कर



वोट बनवाए जा रहे हैं जिससे चुनाव की पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। उनका कहना है कि जो भी व्यक्ति व्यापारियों की आईडी लेकर सदस्य बना रहा है वह निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित कर सकता है। नगर व्यापार मंडल को लेकर के विगत लंबे अरसे से खींचतान चलती रही है। निवर्तमान नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजकुमार बजाज ने भी चुनावी घोषणा में समिति के निर्णय पर हालांकि आपत्ति दर्ज की थी तथा यह आरोप लगाया था कि समिति में प्रभावशाली लोगों का दबदबा बना हुआ है तथा प्रभावशाली लोग अपने चहेतों को नगर व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनाना चाहते हैं किंतु पुन: चुनाव लड़ने के सवाल पर निवर्तमान नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि वह पुन: चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं है इसलिए कोई टीका टिप्पणी नहीं कर रहे हैं किंतु सीमा विस्तार को लेकर उन्होंने भी चुनाव समिति को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। चुनाव समिति पर आरोप लगाया जा रहा है कि सदस्य ध्यान से पूर्वी एक प्रत्याशी द्वारा योजना में तरीके से बोर्ड बनवाने के लिए इकट्ठा कर लिए गए हैं जिस वजह से सदस्यता अभियान मात्र खाना पूर्ति तक सीमित कर रह गया है इसलिए सदस्यता अभियान का बहिष्कार करने के साथ ही वोट बनाने का कोई महत्व नहीं रहेगा।

# पारदर्शिता से कराये जायेंगे चुनाव: महादेव

किच्छा। व्यापार मंडल की नगर इकाई के चुनाव के बीच चुनाव समिति पर लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए चुनाव समिति के प्रवक्ता महादेव प्रसाद अग्रवाल ने कहा है कि जिला कार्यकारणी द्वारा 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है जो कि पूर्ण रूप से पारदर्शिता अपनाते हुए चुनाव संपन्न कराने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि सदस्यता अभियान संपन्न होने के बाद सभी वोटो का वेरिफिकेशन कराया जाएगा।सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद जिस किसी को भी आपत्ति दर्ज करानी हो वह चुनाव समिति के सम्मुख अपनी आपत्ति दर्ज कराकर वोटो का सत्यापन कर सकता है। उन्होंने कहा कि नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी बनने के लिए प्रत्येक प्रत्याशी सदस्यता अभियान में सहयोग कर सकता है किंतु सदस्य बनने के बाद समिति द्वारा सभी सदस्यों के सत्यापन किया जाएगा । जो सदस्य नियमों के अंतर्गत नही आयेगा उसकी सदस्यता निरस्त कर दी जाएगी।








# हॉस्टल फिल्म के सह अभिनेता सुबीर का निधन

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर के जाने माने रंगकमी अभिनेता सुबीर गोस्वामी का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। वे 45 वर्ष थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रंगकर्मी सुबीर गोस्वामी को



रविवार की सुबह दिल का दौरा पड़ गया। परिजन तत्काल उसे हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यू का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। तमाम लोगों ने उनके निवास पर जाकर शोक व्यक्त किया और बड़े भाई भाजपा नेता सुब्रतो गोस्वामी सहित शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। सुबीर अपने पिछे पत्नी एक आठ साल की बेटी के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गये। दोपहर बाद गमगीन माहौल में मोक्षधाम में उसकी अंतेष्ठी कर दी गई।गौरतलब है कि सुबीर को विरासत से अभिनय हासिल हुई थी। बंगाली जात्रागान से उसने अभिनय की सीढी में कदम रखा था। बाद में प्रसिद्ध निदेशक बैरीजान और रंगकर्मी डॉ० अभीजीत मंडल से उसने रंगमंच और अभिनय की बारीकियां सीखी। बाद में उसने दिल्ली एक्टिंग कॉलेज से ईमेगो मे स्कालरशिप हासिल की थी।सुबीर ने दर्जनो बांग्ला, हिन्दी नाटक, टीवी सीरियल आदि में अभिनय किया था। उसकी चर्चित बडे पर्दे की फीचर फिल्म हॉस्टल थी। जिसमें उसने प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता वत्सल सेठ तथा खलनायक मुकेश तिवारी के साथ सह किरदार की भूमिका निभाई थी। वही मृत्यु के बाद विधायक अरविंद पांडे तथा पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, निवर्तमान नगरपंचायत चौयरमेन सीमा सरकार, हिमांशु सरकार, मनोज राय उर्फ मुन्ना, रवि सरकार, अनादीरंजन मंडल, त्रिनाथ विशवास,सुनील पंत, संतोष गाईन, सुभाष व्यापारी,भवेश हाल्दार,हिरा जंग पांगी, सुनीता मिस्त्री समेत दर्जनों ने उनके निवास पर जाकर शोक व्यक्त किया।



## समाजसेवी भी थे सुबीर गोस्वामी

दिनेशपुर। सुबीर गोस्वामी रंगकर्मी के अतिरिक्त एक ऊर्जावान कर्मठ समाजसेवी भी थे कला के साथ साथ खेलप्रेमी, पशुप्रेमी,पर्यावरण प्रेमी भी थे। क्षेत्र के एक नामी समाजसेवी संस्था पवित्र यंग क्लब में रहते हुए बाढ़ पीड़ितों की सहायता करना और गांव के महिलाओं के शिक्षा और अपने हक हकूक के लिए अग्रणी कार्य किया है । अपने हर नाटक में उत्तराखण्ड बनाने के पक्ष को लेकर भी बात करते थे। गरीबों और जरूरत मंदो को नि शुल्क राशन भी वितरण किया है।अपनी इसी सामाजिक कार्य की छवि के कारण अपने मित्र को नगर पंचायत अध्यक्ष बनाने में अहम योगदान दिया था।क्रिकेट और फुटबॉल में बढ़चढ़ कर सहयोग करते थे। अपने बीमार शिक्षक को सही समय पर दिल्ली के बड़े हॉस्पिटल में दाखिला करवाकर महीनों तक सेवा भी की।

# रिजार्ट में डांस करते वक्त बेहोश हुई दुल्हन की मौत

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल स्थित नौकुचियाताल के एक रिजॉर्ट में शनिवार की रात को एक हृदयविदारक घटना हो गई। यहां चल रहे एक वैवाहिक समारोह के दौरान दिल्ली निवासी दुल्हन की डांस करते वक्त असमय मौत हो गई। घटना से परिजन और मेहमान सदमे और सकते में हैं। पुलिस को कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने के प्रार्थना पत्र के बाद परिजन देर रात ही शव लेकर दिल्ली लौट गए। भीमताल थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि डॉ. संजय कुमार जैन निवासी बी 28 आदर्श आर्या अपॉटमेंट, सेक्टर छह द्वारका (नई दिल्ली) अपनी बेटी श्रेया जैन (28) की शादी के लिए परिजनों और कुछ खास परिचितों के साथ नौकुचियाताल के एक रिजॉर्ट में आए हुए थे। शनिवार की देर शाम को मेहंदी समारोह के दौरान श्रेया स्टेज पर डांस करते समय अचानक बेहोश हो गई। आनन-फानन में उसे भीमताल सीएचसी ले जाया गया। यहां डॉक्टर अस्पताल में डॉ. राशिद ने उसे मृत घोषित कर दिया डॉक्टर ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे तक युवती को बचाने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। डॉक्टर ने आशंका जताई कि हार्ट अटैक की वजह से युवती की मौत हुई है। इधर बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन डॉ. संजय कुमार जैन की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने का प्रार्थना पत्र भीमताल पुलिस को सौंपा गया। इसके बाद परिजन देर रात में ही शव को लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# नाबालिग को भगा ले गया युवक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में युवक द्वारा नाबालिग लडकी को घर से बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में परिजनों का आरोप है कि ग्राम डिबडिबा निवासी विपिन पुत्र जयप्रकाश उनकी नाबालिग पुत्री को गत 14 जून की दोपहर घर से बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुत्री की सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लड़की की खोजबीन शुरू कर दी है।

# रूद्रपुर में तीन दिवसीय औद्योगिक प्रदर्शनी 19 जून से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तीन दिवसीय औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन आगामी 19 जून से 21 जून तक होटल आर्क में किया जा रहा हे। यह जानकारी देते हुए केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह, सिडकुल इंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा व इवेंट आयोजक द्रोणाचार्य शकील ने बताया कियह संस्करण पूर्व में आयोजित प्रदर्शनियों में से सबसे बड़ी प्रदर्शनी है जिसमें 150 से अधिक स्टाल लगाई जाएंगी। जिनमें रुद्रपुर, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आई



इंडस्ट्रियों की तरफ से स्टाल लगाए जा रहे हैं। तीन दिन तक चलने वाले इस एक्सपो में देश विदेश के 10 हजार से अधिक उद्योगपति हिस्सा लेंगे। एक्सपो में मशीन टूल, वेल्डि कटिंग टूल, सीएनजी मशीन, न्यूमैटिक उपकरण, प्रदूषण नियंत्रण यत्र, इलेक्ट्रिकल उपकरण, सोलर उपकरण, लाइटें, रोबोटिक टूल, मटीरियल हैंडलिंग उपकरण, जनरेटर कंप्रेशर पावर टूल, एलईडी लाइटें, हाइड्रोलिक उपकरण के साथ दर्जनों तरह के उपकरणों को शामिल किया गया है।

# अकीदत के साथ मनाई गई ईद

किच्छा(उद संवाददाता)। ईद उल अजहा की नमाज यहां विभिन्न मस्जिदों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। मुस्लिम समुदाय ने बकरीद का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया। पुलिस प्रशासन एवं तहसील प्रशासन उप जिलाधिकारी की दिशा निर्देशन में पूरे क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से नजर रखी गई तथा प्रत्येक मस्जिदों में पुलिस फोर्स तैनात की कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा द्वारा कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु तथा बकर ईद की नमाज को शांतिपूर्वक संपन्न करने के उद्देश्य कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पढ़ने वाले सभी नमाज स्थानों पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। बकरीद की नमाज मियां वाली मस्जिद कादरी मस्जिद में 7:15 बजे संपन्न हुई जबकि नूरी मस्जिद में 7:30 बजे वह जमा मस्जिद में 8 बजे संपन्न कराई गई बकरा ईद पर जहां मुस्लिम समुदाय द्वारा हिंदुओं को बकरीद की शुभकामनाएं दी गई वहीं हिंदुओं द्वारा भी मुस्लिम समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में अमन और चयन की कामना की गई। इस अवसर पर खुफिया तंत्र भी पूर्ण रूप से सक्रिय नजर आया तथा छपे छपे पर अपनी पहली नजर गड़ाए रखा ।


**किराये हेतु**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।

**-सम्पर्क करें-**

9568300033
9568300015


# जनवरी से लापता हुए युवक का नहीं लगा सुराग

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। वार्ड निवासी एक व्यक्ति का 20 वर्षीय बेटा जनवरी से लापता है । जिसका अभी तक कोई सुराग नही लगा । जिस कारण स्वजनों की चिंता बढ़ती जा रही है । उधर पुलिस भी लापता को खोजने का प्रयास कर रही है। नगर के वार्ड 2 निवासी सुभाष हालदार का 20 वर्षीय बेटा कार्तिक हालदार 23 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया । जिसके बाद स्वजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई । उधर स्वजनों ने रिश्ते नाते के सभी लोगों को घर खोजबीन की लेकिन कहीं नही पता चला । 5 महीने बीत गए युवक की कोई जानकारी नही मिली । जिससे स्वजन चिंतित है । उधर थाना पुलिस भी लापता युवक को खोजने का हरसंभव प्रयास कर रही है । लेकिन अभी तक उसका कोई पता नही लग सका है ।



# किराए के 10 रुपए मांगने पर पिता पुत्र को पीटा, मुकदमा

सितारगंज (उद संवाददाता)। मुख्य चौराहे पर टुकटुक के 10 किराए को लेकर सवारी और उसके साथियों ने टुकटुक चालक, उसके पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में टुकटुक चालक और उसका पुत्र घायल हुआ है। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाईपास कालोनी वार्ड नंबर 11 निवासी रामकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया 15 जून को वह बिजती चौराहे से पीपल चौराहा तक टुकटुक में रमेश को लेकर आया था। जिसका 10 रुपए किराया तय किया गया था। लेकिन रमेश नहरपार छोड़ने की जिद करने लगा। रामकुमार ने नहरपार छोड़ने के एवज में 20 रुपए किराए की मांग की। जिसको लेकर सवारी और टुकटुक चालक के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान रमेश, रानू, मोहित, रवि निवासीगण नाहरपार ने धारदार हथियारों से उसके पुत्र प्रमोद दास और उस पर हमला कर दिया। हमले में रमेश के पुत्र प्रमोद दास घायल हुआ है। जिसे हल्द्वानी रेफर किया गया है।

# सीरगोटिया व आवास विकास से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर में वाहन चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऑटो लिफ्टर पुलिस को निरंतर चुनौती दे रहे हैं। वाहन चोरों ने नगर में सीरगोटिया व आवास विकास में बाईक चोरी कर ली। मामलों की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में दानिश पुत्र शरीफ अहमद निवासी ग्राम वेजना, पोस्ट अहमदनगर कला, तहसील टांडा जिला रामपुर हाल निवासी सीर गोटिया, वार्ड 26 ने कहा है कि उसकी मोटर साईकिल संख्या यूपी 21 सीई 0299 उसके भाई तोफीक अहमद के नाम दर्ज है। 14 जून की रात्रि करीब 12 बजे उसने अपनी मोटर साईकिल को अपने रूम के पास लॉक करके खड़ा किया था। जब प्रात: 3 बजे देखा तो उसका वाहन अपने स्थान पर नही था। जिसे अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर लिया गया है। वहीं भगवत सरन पुत्र गोकिल प्रसाद निवासी ग्राम फरदिया, माधौपुर, अमरिया, पीलीभीत ने कहा है कि 12 जून की दोपहर उसने अपनी मोटर साईकिल सेख्या यूपी 26 एई 8187को एक्सिस बैंक शाखा आवास विकास के सामने लॉक करके खड़ा किया था। उसने सायं करीब 7 बजे देखा उसका वाहन अपने स्थान पर नही था। पुलिस ने दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डबल इंजन सरकार को जनता ने दिया समर्थन : धामी

## भाजपा की प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बोले सीएम पुष्कर धामी
## दो दिवसीय समीक्षा बैठक में लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर किया मंथन

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर तीसरी बार लगातार भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। जिसके बाद भाजपा अपने कार्यकर्ताओं और चुनाव प्रबंधन समिति के तहत काम करने वाले सभी कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक कर मंथन किया। भाजपा की इस दो दिवसीय बैठक में किन विधानसभा सीटों में अच्छा प्रदर्शन हुआ है और कहां पर पार्टी को और काम करने की जरूरत है इसे लेकर समीक्षा की जा रही है। बैठक में उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के लिए गठित भाजपा की प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनता द्वारा डबल इंजन सरकार को दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण करने की सफलता हमारी जीत का बड़ा कारण बनी है। उन्होंने पार्टीजनों का आह्वान किया कि जीत के इस क्रम को आगामी चुनावों में भी जारी रखा जाए। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और धामी सरकार के कार्यों को जनता ने समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने राजपुर रोड स्थित होटल मधुबन में हुई भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और पिछड़ा वर्ग के लिए अनेक कल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। राज्य में समान नागरिक संहिता की पहल, जबरन मतांतरण रोकने को सख्त कानून, सख्त नकलरोधी कानून, दंगारोधी कानून समेत अन्य ऐतिहासिक कानून बनाने का आशीर्वाद जनता ने भाजपा को दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चुनाव में समीकरण बदलते रहते हैं। ऐसे में अपने लिए नई चुनौतियां तय करते हुए हमें लोकसभा चुनाव में जीत से मिली नई ऊर्जा को एकत्र कर आगे भी जीत के क्रम को जारी रखना है। भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि लोस चुनाव में कम मतदान के बावजूद पिछले चुनावों के 14 लाख के मुकाबले इस बार 12 लाख से अधिक अंतर से पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि राज्य की धामी सरकार के कई निर्णय ऐसे हैं, जिन्होंने इतिहास रचा और बाद में वे पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल किए गए। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि देवभूमि से पांचों कमल भाजपा को देने के प्रधानमंत्री से किए गए वादे को पूरा करने में हम सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि दो दिनों की बैठकों के दौरान जो भी सुझाव आए हैं, उन पर विस्तृत चर्चा कर भविष्य की रणनीति में अमल में लाया जाएगा। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी 38 विभागों की समीक्षा रखी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने लोस चुनाव के दौरान मीडिया टीम की गतिविधियों का ब्योरा रखा। चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने पूरी टीम के प्रति आभार जताया। बैठक में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, राजेंद्र बिष्ट व खिलेंद्र चौधरी मौजूद रहे।












# 'योगी' ने हाथ पकड़कर 'मां' से पूछी कुशलक्षेम

## एम्स ऋषिकेश में भर्ती माताजी से मिलने पहुचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम्स में भर्ती अपनी बूढ़ी मां सावित्री देवी से मिलने पहुंचे और उन्होंने मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान कई वर्षो के बाद अपनी मां से हुई मुलाकात पर सीएम योगी बेहद प्रसन्न भाव से वार्तालाप कर भावविभोर हो गये। उन्होंने बेड पर बैठी अपनी माताजी का हाथ पकड़कर कुशलक्षेम पूछी और जल्द ठीक होकर घर लौटने की कामना की।वहीं सीएम योगी की अपनी माताजी से हुई मुलाकात की कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर खूब पोस्ट कर रह है। सीएम योगी पूर्व में भी अपने गांव पंचार आए थे। रविवार दोपहर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश के हैलीपैड पर उतरे। यहां सीएम योगी आदित्यनाथ का हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. नीतू सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद सीएम योगी सबसे पहले एम्स में छठवीं मंजिल पर वृद्धावस्था विभाग (जिरियाट्रिक वार्ड) में भर्ती हुई अपनी मां सावित्री देवी से मिलने पहुंचे। यहां सीएम योगी ने चिकित्सकों से मां की नेत्र संबंधी समस्या एवं स्वास्थ्य और उपचार से जुड़ी आवश्यक जानकारी ली। सीएम योगी मां के वार्ड में काफी समय बिताया। वह करीब 30 मिनट तक वार्ड में भीतर रहे। इसके बाद सीएम योगी ट्रामा सेंटर में भर्ती रुद्रप्रयाग हादसे के घायलों का हाल जानने पहुंचे। उन्होंने कई उपचाराधीन घायलों के पास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएम योगी ने एम्स कार्यकारी निदेशक प्रो. नीतू सिंह से सभी घायलों को बेहतर उपचार देने को कहा।बता दें कि सीएम योगी की मां को जीरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। इसी महीने वह दूसरी बार भर्ती हुई हैं। एम्स प्रशासन के अनुसार सावित्री देवी वृद्धावस्था की दिक्कतों के चलते भर्ती हुई हैं। पिछली बार आंखों में संक्रमण की दिक्कत हुई थी। एम्स ऋषिकेश के पीआरओ संदीप कुमार ने कहा कि सावित्री देवी का चिकित्सक बेहतर देखरेख कर रहे हैं। शनिवार को उनसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मिलने आए थे। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट, निवर्तमान महापौर अनीता ममगाईं, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, एसडीएम ऋषिकेश कुमकुम जोशी व कई अन्य उपस्थित रहे।





# क्या 'मंगलौर' सीट बीजेपी की झोली में डाल पाएंगे 'धामी'?

**जातीय समीकरण के चक्रव्यूह को आज तक भेद नहीं पाई भाजपा, राज्य निर्माण के बाद मंगलौर में भाजपा को पहली जीत की तलाश, विधानसभा उपचुनाव में जीत का इतिहास सत्ताधारी दल के पक्ष में, पर तेइस हजार वोटो के अंतर को पाटना भाजपा के लिए टेढ़ी खीर**

-अर्श-

देहरादून। हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट भाजपा के लिए सदैव ही चुनौती पूर्ण रही है। इस विधानसभा सीट पर तमाम कोशिश के बावजूद भाजपा आज तक अपना जीत का खाता नहीं खोल पाई। ऐसे में राजनीतिक प्रेक्षकों की नजर इस बात पर है कि क्या राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सूबे की पांचो लोकसभा सीट भाजपा की झोली में डालने के बाद, अब अपने नेतृत्व में मंगलौर विधानसभा सीट के उपचुनाव में जीत का परचम लहराकर उत्तराखंड में एक नया इतिहास लिखने में कामयाब हो सकेंगे?बताना होगा कि राज्य निर्माण के बाद से हरिद्वार जिले की मंगलोर विधानसभा सीट का राजनीतिक समीकरण आमतौर पर बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में हीरहा आया है। इस विधनसभा सीट पर अब तक हुए पांच विधनसभा चुनाव में चार बार बसपा और एक बार कांग्रेस को विजयश्री हासिल हुई है ,जबकि तमाम प्रयासों के बावजूद भाजपा इस विधानसभा सीट पर अब तक अपनी जीत का सिलसिला नहीं आरंभ कर पाई है। इस सीट का उपचुनाव बसपा विधायक सरबत करीम अंसारी के निधन के चलते हो रहा है और दिवंगत विधायक के पुत्र को अपना प्रत्याशी बनाकर बहुजन समाज पार्टी यहां सहानुभूति वोटो के सहारे अपनी नावपार लगाने के फिराक में है, लेकिन सत्ताधारी दल को इस विधनसभा सीट के उप चुनाव में मुख्य चुनौती बसपा से न होकर कांग्रेस की ओर से है, क्योंकि यहां हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनावों में भी यहां कांग्रेस ने भाजपा के मुकाबले 23001 मतों की



शानदार बढ़त दर्ज की है। जबकि लोकसभा चुनाव में मंगलौर विधानसभा सीट पर बसपा का वोट बैंक काफी नीचे नीचे चला गया। गौरतलब है कि बसपा के लोकसभा प्रत्याशी जमील अहमद को महज 5,507 वोट औरकांग्रेस के वीरेंद्र रावत को यहां 44,101 वोट प्राप्त हुए थे। यद्यपि लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा के वोटबैंक में करीब तीन हजार का इजाफा हुआहै, बावजूद इसके मंगलोर विधानसभा सीट पर भाजपा के लिए दिल्ली अभी दूर है। वह इसलिए ,क्योंकि इस सीट पर भाजपा को अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए तकरीबन तेइस हजार वोटो की खाई को पाटना होगा, जो की कतई आसान नहीं है। जाहिर है कि अगर राज्य के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा इस सीट पर कोई ऐतिहासिक उलट फेर कर पाई, तो इससे न केवल पुष्कर सिंह धामी के राजनीतिक दबदबे में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी नीतियों पर भी जनता की मोहर लग गई मानी जाएगी ,क्योंकि विधानसभा उपचुनाव की जीत हार को आमतौर पर राज्य सरकार के कामकाज से ही जोड़कर देखा जाता है। हालांकि उत्तराखंड में विधानसभा उपचुनाव का गणित हमेशा सत्ताधारी दल के पक्ष में झुका रहा है और राज्य में अब तक हुए 15 में से 14 उपचुनावों में सत्ता पक्ष को जीत मिली है, लेकिन भाजपा केवल इस आधार पर ,कि उपचुनाव में अमूमन जनता सत्ताधारी दल के साथ खड़ी नजर आती है और उत्तराखंड में अधिकांश उपचुनाव में जनता ने सत्ताधारी दल का साथ दिया है, अपनी जीत के प्रति आश्वास्थ नहीं हो सकती। कहने की जरूरत नहीं कि मंगलोर सीट पर हो रहे विधानसभा उपचुनाव में कोई ऐतिहासिक उलट फेर करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य भाजपा कोइसउपचुनाव में अपना सब कुछ झोंकना होगा, तभी भाजपा चुनावी बैतरणी पर कर पाएगी।

## कॉमन योगा प्रोटोकाल का किया आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा विभाग उधम सिंह नगर द्वारा योग दिवस आयोजन की तैयारी की जा रही हैं । इसी क्रम में आज प्रात: स्टेडियम में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का आयोजन किया गया जिसका सीधा ऑनलाइन प्रसारण लिंक के माध्यम से पूरे प्रदेश में किया गया। जिसमे स्कूली बच्चों, अनेकों विभाग के कर्मिक एवं क्षेत्रीय जनता ने प्रतिभाग किया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी उधम सिंह नगर डा. आलोक कुमार शुक्ला द्वारा कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। नोडल अधिकारी डा. बिरेन्द्र सिंह रौतेला ने बताया कि प्रदेश स्तर पर प्रतिदिवस प्रात: 6:30 से 7:30 तक ऑनलाइन योग प्रोटोकॉल के अभ्यास का कार्यक्रम जारी



है। जिसमे कोई भी ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग कर सकता है। उसी के क्रम में आज स्टेडियम से लाइव स्ट्रीमिंग की गई । डॉ. शुक्ला द्वारा बताया गया कि मुख्य योग दिवस कार्यक्रम जो कि 21 जून को होना है हेतु मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिव अरोरा को आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम का संचालन रंजीत कुमार द्वारा किया गया। जिसमें शीनम, डिम्पी, पीयूष आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ. राकेश चिलाना, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सुरेंद्र पपनेजा, आरती किमोठी, पंकज कुमार, राहुल पुरोहित, मशरूफ पाशा, नूतन, राम किशोर आदि उपस्थित रहे।

## ठुकराल ने श्रद्धालुओं की बस को किया रवाना

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गल्ला मंडी श्याम मंदिर से राजस्थान खाटू श्याम,सालासर बालाजी,रानी सती,मथुरा वृंदावन के लिए श्रद्धालुओं की एक बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु श्याम बाबा के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि श्री खाटू श्याम बाबा धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है । खाटू धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटू जी के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर



भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर श्याम मंदिर के अध्यक्ष कैलाश गर्ग , ताराचंद अग्रवाल, सूरज ग्रोवर ,कमलेश कोली,ओम अग्रवाल ,वेद प्रकाश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, राजेश श्यामपुरिया , दीपक प्रजापतिज श्याम प्रजापति, बंटी कोली, विशाल मेहरा आदि लोगों उपस्थित थे

## जल उत्सव सप्ताह के अंतर्गत किया पौधारोपण

गदरपुर। विकास खंड के ग्राम पंचायत सकैनिया में सारा अभियान के तहत जल उत्सव कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा ग्राम




पंचायत सकैनिया में पौधा रोपण किया गया। विकास खंड की ग्राम पंचायत सकैनिया में सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल संरक्षण अभियान 2024 के अंतर्गत जल उत्सव कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में ग्राम प्रधान मीना चौधरी व संजय चौधरी एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूनम पनेरु द्वारा ग्राम पंचायत सकैनिया में भिन्न-भिन्न स्थानों पर पौधारोपण का कार्य किया गया। इस दौरान आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और अधिक से अधिक पौधा रोपण की अपील की गई।

## गदरपुर में धूमधाम से मनाया गया ईद उल अजहा का पर्व

गदरपुर( उद संवाददाता)। ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया नगर व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अजहा क्यों मनाया जाता है इस पर विस्तार से समझाया। ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरा ईद की मुबारकबाद दी वहीं समाजसेवी मोहम्मद शादाब ने बताया एक दूसरे को गले लगा कर ईद अल-अजहा की मुबारकबाद दी समाजसेवी जुल्फिकार अली नेताजी ने भी सुरक्षा में लगे पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें ईद की बध इस ईद का उद्देश्य है वही सोमवार को सुबह से ही थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में कुछ पुलिसकर्मी जगह-जगह सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के पास भी तैनात रहे और नगर में भी





पुलिस प्रशासन अलर्टमोड पर तैनात रहा। इस दौरान समाजसेवी मोहम्मद आलम,सलीम बाबा, इदरीश पाशा,आबिद सकलेनी, शाकिर अली, अमीन अब्बास,उमर अली,

प्रशासन और अभी सूचना इकाई की टीम भी नगर में तैनात रही नगर क्षेत्र में शहरी इमाम जाने आलम द्वारा गदरपुर ईदगाह में ईद की नमाज 7 बजे अदा कराई गई। इस मौके पर उन्होंने ईद उल कि हजरत इब्राहिम के कुर्बानी की याद में मनाए जाने वाला ईद उल अजहा (बकरा ईद) का पर्व गदरपुर क्षेत्र में भी सोमवार को अकीदत के साथ मनाया गया है। समाजसेवी सलीम बाबा ने भी ाई दी समाजसेवी शाकिर अली ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज हर शख्स पर वाजिब है अल्लाह की वफादारी के साथ ही उन्हें राजी एवं खुशी करने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर देना ही नजाकत अली, राशिद अली, इब्ने अली, मुनव्वर ,फिरासत, मोहम्मद अली, नजाकत अली,महफूज अली,समीर, इरफानअली, उस्मान,ओवैस, असद, रिजवान आदि लोगों ने नमाज अदा की।

## योग कार्यशाला में खिलाड़ियों को दिये योग के टिप्स

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के नेतृत्व एवं ऋषि मार्शल आर्ट्स एकेडमी की ओर से श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में एक योग कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में लगभग 50 से अधिक जू-जित्सु ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ की राष्ट्रीय सचिव एवं नेशनल योगांसना जज व योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने योग पर एक व्याख्यान में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में ध्यान, प्राणायाम और आसन जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल थीं। साथ ही योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने योग के लाभों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया और आगे कहा कि भारत सरकार



द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग निर्धारित की गई है। इस तारतम्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता लाने के लिए भारत वर्ष में विभिन्न स्थानों में एक साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर आयोजक सचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि खेलों में योग का भी खास महत्व है। मौजूदा समय में खिलाड़ी अपनी एकाग्रता बढ़ाने और शारीरिक संतुलन को बेहतर बनाने के लिए योग का सहारा लेते हैं। ओर आगे कहा कि योग में खास बात यह है कि अलग-अलग खेलों के लिए अलग-अलग योग क्रियाएं हैं। जिन्हें करके खिलाड़ी अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। मौजूदा दौर में हर खिलाड़ी अपनी फिटनेस को बेहतर बनाने के लिए योगासन का ही सहारा ले रहा है। योगासन करने से कम समय में बेहतर परिणाम मिलते हैं, इसलिए योगासन हर खिलाड़ी के अपने शेड्यूल में शामिल है। कार्यशाला के समापन अवसर आयोजक सचिव ऋषि पाल भारती सहित एकेडमी के सभी सीनियर खिलाड़ियों ने योग प्रशिक्षिका मंजू राणा का आभार जताते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला के अध्यक्षचेतन धीर, मैनेजर शेखर सक्सेना,कमल सिंह, प्रिया विश्वास, शिवानी,रिमी शाह,लोरी, गुलशन कुमार, लवली विश्वकर्मा, अजय शर्मा, क्षितिज सिंह सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## चंद घंटों में विद्युत विभाग ने बदला ट्रांसफार्मर

शक्तिफार्म( उद संवाददाता) ।भीषण गर्मी में बढ़ती बिजली की खपत से ओवर लोड हुए ट्रांसफार्मर फुंक गया था। सूचना पर विद्युत विभाग ने चंद घंटे में ट्रांसफार्मर को बदल दिया। शनिवार को नगर के आजाद वार्ड नंबर 1 में लगा 64 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे वार्ड के करीब दो सौ घरों में अंधकार छा गया। भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी। एसडीओ आलोक सचान ने लोगों की परेशानियों को समझते हुए तत्काल जेई अमित कुमार को ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिए। इसके बाद विद्युतविभाग की कर्मचारियों ने चंद्र घंटे के भीतर



ट्रांसफार्मर को बदल दिया। जिस पर परेशान लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया है। इस दौरान विद्युत कर्मचारियों में राम सुन्दर, अशोक, लालू, सुखदेव थे। मौके पर निवर्तमान सभासद विक्रम सिंह भंडारी, गोविंद मंडल, करनजीत, परमजीत, मनोज सुतार, विधान मंडल, वीर सिंह आदि मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जी–7 देशों का शिखर सम्मेलन

आर्थिक महाशक्ति वाले सात देशों के समूह जी–7 के शिखर सम्मेलन में भारत की विशेष उपस्थिति इसकी बढ़ती आर्थिक ताकत का ही प्रमाण है। भारत इस समूह का सदस्य नहीं है, मगर हर वर्ष इसे विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाने लगा है। हालांकि इस बार इटली में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और हिंद प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को भी निमंत्रित किया गया था, पर भारत को खास तवज्जो दी गई। दरअसल, यह सम्मेलन एक ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब दुनिया में आर्थिक उथल–पुथल मची हुई है। रूस–यूक्रेन युद्ध और हमास–इजराइल संघर्ष जारी है। पूरी दुनिया अभी मंदी की चपेट में है। यहां तक कि जी–7 के सदस्य देश अमेरिका, इटली, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा और जापान भी इससे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। मगर भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नजर नहीं आ रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारत दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। जी–7 के मंच से प्रधानमंत्री ने फिर अपना संकल्प दोहराया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। उधर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के स्तर पर जी–7 देशों की भागीदारी लगातार घट रही है। वे विश्व जीडीपी में साठ फीसद की भागीदारी से चालीस फीसद पर पहुंच गए हैं। भारत लगातार विकसित देशों के समांतर एक ताकतवर समूह बनाने की कोशिश कर रहा है। उसी रणनीति के तहत जी–20 सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को भी समूह में शामिल किया गया। इस तरह भारत वैश्विक दक्षिण के देशों को एक मंच पर लाकर एक नया आर्थिक मंच बनाना चाहता है। जी–7 के सदस्य देश इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि भारत सहित वैश्विक दक्षिण एक विशाल बाजार है, वहां सस्ते श्रम की उपलब्धता भी भरपूर है। हालांकि इस बार के शिखर सम्मेलन में प्रमुख रूप से दुनिया भर में बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने, वैश्विक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने संबंधी रणनीतियां बनाने पर जोर रहा, पर रूस और चीन की वजह से बढ़ते तनाव को रोकने के उपायों पर भी चर्चा हुई। जी–7 समूह के सभी देशों के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हैं और उनके साथ व्यापार–वाणिज्य संबंधी गतिविधियां निरंतर बढ़ रही हैं। जी–7 का जोर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ रिश्ते बेहतर बनाने पर है, इस तरह भारत इसमें मजबूत कड़ी साबित होगा। भारत के सामने फिलहाल कड़ी चुनौती चीन की तरफ से है। चीन को लेकर जी–7 देश भी वक्र दृष्टि रखते हैं। इस दौर में जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद कमजोर होता गया है और जी–7 देश वैश्विक मामलों में निर्णायक साबित हो रहे हैं, वे भारत को विशेष रूप से अपने साथ जोड़े रखना चाहते हैं, तो निश्चय ही यह चीन के लिए चिंता का विषय होगा। रूस–यूक्रेन संघर्ष में भी भारत की मध्यस्थता को अहम माना जा रहा है, जबकि इन दिनों रूस की नजदीकी चीन से बढ़ी है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने जी–7 के मंच से यह संकल्प दोहराया कि वे पड़ोसी देशों से रिश्ते मधुर बनाने पर जोर देंगे, ताकि वे चीन की गिरफ्त से बाहर निकल सकें, यह भी चीन के लिए रणनीतिक रूप से परेशान करने वाली बात है। जी–7 के इस शिखर सम्मेलन से भारत के लिए नई राहें खुलती नजर आती हैं।

# बेघर परिवारों को मिलेंगे घर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही घर का सपना देख रहे लोगों के सपने को साकार करने का प्रबंध कर दिया। हाशिए पर पड़े घर से वंचित और गरीब के लिए अपना घर बड़ी सौगात है। केंद्रीय मंत्रीमंडल की पहली बैठक में ही प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) योजना के अंतर्गत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को स्वीकृति दे दी गई है। यह योजना भारत सरकार का एक समाज कल्याण प्रमुख कार्यक्रम है। इसे प्रधानमंत्री ने 2015 में आरंभ किया था। इस योजना के अंतर्गत राजग के बीते दो कार्यकालों में गरीब पात्र परिवारों के लिए कुल 4 करोड़ 21 लाख घरों का निर्माण किया गया है। ये घर ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जो अपने गांव के कच्चे घरों में और नगरीय क्षेत्रों में ऐसे ही घरों में रहने को मजबूर हैं। इस योजना के तहत जिस व्यक्ति के पास अपना भूखंड है, उसे आर्थिक मदद दी जाती है। नतीजतन इस योजना के अंतर्गत उन व्यक्तियों के घर का सपना पूरा हो रहा है, जो आर्थिक बदहाली के चलते घर बनाने में सक्षम नहीं है। हालांकि इस योजना पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मोदी ने 17 जुलाई 2020 को गारंटी दी थी कि 2022 तक प्रत्येक भारतीय के सिर पर छत होगी, जो खेखली साबित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरों में बेघरों को घर देने के लिए दो नई योजनाएं चल रही हैं। नया घर बनाने के लिए 9 लाख के ऋण पर 4 फीसदी और 12 लाख रुपए तक के कर्ज पर 3 प्रतिशत ब्याज दर में छूट दी जाती है। वर्तमान ब्याज दर 9.5 फीसदी है। बीते दस सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर बनकर तैयार हो चुके हैं। इन घरों में राज्य सरकारों की मदद से शोचालय एलपीजी गैस, बिजली और नल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी दी जाती हैं। अब इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण एवं शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता देने की घोषणा की है, जिससे आम आदमी का जीवन सुगम व सहस हो सके। यह देश के नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने का उत्तम प्रयास है। मनुष्य के जीवन में अपने घर का होना एक निर्णायक व अहम् उपलब्धि है। इससे सामाजिक प्रतिष्ठा भी आंकी जाती है। घर पारिवारिक जीवन को बेहतर और सुकूनदायी बनाता है। इसीलिए घर का मूल्याकंन केवल चार दीवारों पर छत से नहीं, बल्कि परिवार के जीवन से आजीवन जुड़ जाने वाली सुविधा से किया जाता है। इसीलिए घर के मालिक निरंतर घर को सजाते व संवारते हैं, क्योंकि अंततः वह उनके लिए आत्म–प्रेरणा का स्रोत भी बन जाता है। इस मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए ही प्रधानमंत्री ने परिवार की हर इकाई को घर दिलाने के उपाय आसान किए हैं। देश में हर परिवार के लिए अपना घर फिलहाल एक मृगतृष्णा की तरह है। देशभर में घरों की मांग और आपूर्ति का जो आंकलन किया गया है, उसका अनुमान शहरी क्षेत्रों में करीब दो करोड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 5 करोड़ घरों की जरूरत का है। इस सबके बावजूद यह शंका अपनी जगह कायम है कि घर–ऋण की योजना तभी फलीभूत होगी जब शहरी निम्न–मध्यमवर्गीय लोगों और लघु व सीमांत किसानों की आमदनी में इजाफा हो ? साफ है, सरकारी क्षेत्र में संविदा पर काम करने वाले और असंगठित क्षेत्र में लगे लोगों की आय में वृद्धि हो ? तभी लक्षित वर्ग कर्ज लेने व चुकाने लायक हो पाएगा, वरना सरकार सब्सिडी का अत्याधिक बोझ उठाना होगा। हालांकि ब्याज दरों में छूट देकर सरकार ने एक तरह से घर खरीदने वालों को सबसिडी की व्यवस्था कर दी है। इस योजना को लाबू करने के आरंभ में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की घोषणा करते वक्त सरकार ने सबके लिए आवास मिशन पूरा करने के लिए पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप नमूने पर काम करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन निजी क्षेत्र ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। शायद इसीलिए सरकार ने 12 लाख तक की रकम पर ब्याज में छूट देकर शहरों में निर्मित पड़े मकानों को खरीदने का व्यावहारिक रास्ता खोल दिया है। इस उपाय से सरकार को तत्काल भवन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के झंझट में भी नहीं उलझना होगा।फिलहाल घरों की कमी के जो आंकड़े सरकार के पास हैं, वे 2011 में दर्ज जनगणना के आंकड़ों से लिए गए हैं। साफ है, आबादी में वृद्धि निरंतर हो रही है, सो घरों की संख्या में भी वृद्धि होनी ही है। हालांकि भारतीय सांख्यकीय संस्थान के शोधकर्ताओं का दावा है कि अभी भी घरों की जो कमी गिनाई जा रही है, उससे कहीं तीन गुना अधिक घरों की कमी है। स्वयंसेवी संगठन तो 25 करोड़ घरों की कमी बता रहे हैं। यह कमी तब है, जब देश में 28 करोड़ मकान मौजूद हैं। अर्थशास्त्री एक घर में औसत पांच सदस्यों का रहना मानते हैं। यदि इस औसत से अंदाजा लगाएं और देश की अधिकतम आबादी 127 करोड़ मान लें तो 28 करोड़ घरों में 140 करोड़ लोग रह सकते हैं। मसलन जनसंख्या के अनुपात में उपलब्ध घरों के हिसाब से नए घरों की जरूरत ही नहीं है। लेकिन हम सब जानते हैं कि यह हकीकत नहीं है। महानागरों में करोड़ों लोगों को छत नसीब नहीं है। लोग फुटपाथों पर रात गुजारते हैं। दरअसल ऐसा इसलिए है, क्योंकि कई लोग 3 से 5 मकानों तक के मालिक है। भ्रष्ट अधिकारियों के पास दर्जन–दर्जन भर मकानों के दस्तावेज पाए गए हैं। अतएव एक व्यक्ति द्वारा कई–कई मकान खरीदने पर पाबंदी लगे। एक पारिवारिक इकाई के पास एक ही आवासीय घर हो। बेनामी संपत्ति और कालेधन पर अकुंश लगाने की दृष्टि से मोदी सरकार ने बीते दस सालों में अनेक कानून बनाए हैं, लेकिन उनकी सार्थकता सामने नहीं आई। बेनामी संपत्ति और कालाधन दोनों ही बेतहाशा एक सीमित वर्ग के पास बढ़ रहे हैं। इन लोगों में बड़े व्यापारी तो शामिल हैं ही, भ्रष्ट नौकरशाही भी शामिल है। दरअसल देश में कानून तो बन जाते हैं, किंतु उन पर सख्ती से अमल नहीं होता है। यदि इन कानूनों पर अमल हो तो बड़ी तदाद में बेनामी संपत्ति सामने आएगी। इस संपत्ति की जब्ती से भी कई बेघरों को घर दिए जा सकते हैं। वैसे भी मकान केवल जरूरतमंद की जरूरत पूरी करने के लिए होना चाहिए, वरना यह स्थिति जमीन का संकट पैदा करेगी ? आवासीय बस्तियों के लिए खेती की जमीन का उपयोग जहां अनाज का संकट बढ़ाता है, वहीं बेरोजगारी भी पैदा करता है। इस जमीन को बाजार भाव से खरीदकर यदि शहरी आबादी के लिए घर निर्माण करने के उपाय किए जाते हैं, तो 10–12 लाख रुपए में अपना घर खरीदना मुश्किल होगा ? इस लिहाज से सरकार बेनामी संपत्ति पर नकेल कसती है तो निर्मित भवनों की कीमतों में कमी बनी रहेगी और ये घर निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोगों की पहुंच में बने रहेंगे। इसी दृढ़ इरादे के साथ सब के लिए घर का सपना पूरा हो पाएगा।

**प्रमोद भार्गव, लेखक,**
**वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार**

# चारधाम यात्रा मार्ग से तीन टन प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया




देहरादून। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहाड़ों के लिए आफत बन रहे प्लास्टिक कचरे को जोशीमठ नगरपालिका ने आय का साधन बना लिया है। नगरपालिका प्रशासन ने चारधाम यात्रा मार्ग से इन दिनों 3 टन से अधिक प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया है। अब तक कचरे का विपणन कर 1.02 करोड़ रुपए की आय आर्जित की है। बदरीनाथ, हेमकुंट साहिब और फूलों की घाटी यात्रा के मुख्य पड़ाव जोशीमठ से पांडुकेश्वर तक सफाई का जिम्मा नगरपालिका जोशीमठ संभाले हुए है। पालिका ने बीते एक माह में शीतलपेय की ढाई लाख से अधिक बोतलें एकत्रित की हैं। अन्य प्लास्टिक कचरे को मिलाकर तीन टन प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया है। कचरे को एकत्रित कर कॉम्पेक्टर मशीन से ब्लॉक बनाकर उसका विपणन किया जा रहा है। जोशीमठ से पांडुकेश्वर तक सफाई व्यवस्था के लिए नगरपालिका जोशीमठ द्वारा पर्यावरण मित्र तैनात किए गए हैं। वहीं, प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए 22 मजदूर तैनात किए गए हैं।

# मैदान से लेकर पहाड़ तक झुलसाती गर्मी से लोग बेहाल

देहरादून। मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी अपने तल्ख तेवर दिखा रही है। मई के बाद जून में भी अभी तक कई बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी लोगों को झुलसा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है दो दिन बाद प्रदेश भर में गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी तेज बारिश होने से तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल जिले के कुछ इलाकों में 19 जून को तेज बारिश हो सकती है। जबकि अन्य जिलों में कहीं–कहीं झोंकेदार हवाओं के साथ बौछार पड़ सकती है। जिससे मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान में कुछ कमी आने से गर्म हवाओं से राहत मिलेगी। प्रदेश के मैदानी जिलों के साथ पर्वतीय जिलों में भी आज (सोमवार) गर्म हवाएं परेशान करेंगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में कहीं–कहीं गर्म हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में गर्म हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दून में बीते कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार है। रविवार को भी यहां का अधिकतम तापमान नौ डिग्री इजाफे के साथ 42.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिन में चिलचिलाती गर्मी के साथ रात का न्यूनतम तापमान भी चार डिग्री इजाफे के साथ 27.9 डिग्री रहा। जिसके चलते दिन और रात को भी गर्म हवाओं ने खूब परेशान किया।

# काम ऐसा चुनो..उसी में पूरी तरह डूब जाओ



समभाव का अर्थ है, कोई ऐसा भाव जिसके विपरीत ना जाना पड़े, कोई ऐसा भाव जो इतना आकर्षक हो और इतना विराट हो कि तुम्हें पूरा ही सोख ले अपने में, तुम्हें उससे हट करके किसी और भाव की जरूरत ना पड़े। संसार में जो कुछ भी करते हो, उसे चलाए रखने के लिए तुम्हें उसके विपरीत की शरण में जाना होता है। जो पढ़ाई करते हैं, वे बोलते हैं कि पढ़ाई बहुत हो गई, अब जरा बाजार घूमकर आते हैं, थोड़ा खेलकर आते हैंख्रपढ़ाई करनी है तो बाजार जाना पड़ेगा। तुमने किसी दिन दस–बारह घण्टे पढ़ाई कर ली या तीन–चार दिन ऐसे हो गए कि दस–बारह घण्टे काम कर लिया, तो फिर दूसरे दिन, चौथे दिन, दसवें दिन तुम यह कहते हो कि, "आज आराम, या कि आज थोड़ा कहीं पर मन बदलकर आते हैं, टहलकर आते हैं।" दुनिया में जो कुछ भी है, वह आवश्यक कर देता है कि तुम उसके विपरीत के पास जाओ; क्योंकि दुनिया में कुछ भी ऐसा है ही नहीं जो तुम्हें पूरा–का–पूरा सोख ले, तुम्हें समा ले अपने भीतर। दुनिया में जो कुछ भी है, सब छोटा–छोटा है। जो छोटा है, वह उबाऊ है। जहाँ कुछ छुटपन है, वहाँ घर्षण भी है। सच्चिदानंद परमात्मा में समभाव का अर्थ हुआ कि उसकी सेवा में लग जाओ, उस काम को उठा लो, उस केंद्र से काम करो जहाँ तुम्हें किसी विपरीत की तलाश ही ना रहे, जहाँ तुम्हें किसी विपरीत की आवश्यकता ही ना रहे। काम वह करो जिसके बाद तुम्हें मनोरंजन की जरूरत ही ना पड़े। यह ना कहो कि, "काम ज्यादा हो रहा है, अब थोड़ा मनोरंजन भी तो चाहिए!" काम ही मनोरंजन हो जाए। काम में ही ऐसा आनंद है कि अब मनोरंजन किसको चाहिए। और उसके लिए वो काम, पहली बात, आकर्षक होना चाहिए; दूसरी बात, अनंत होना चाहिए। अनंत नहीं हुआ तो कभी खत्म होने लग जाएगा, और खत्म होने लग गया तो उस काम से इतर तुम्हें कुछ और करना पड़ेगा, कह लो कि काम का विपरीत करना पड़ेगा। और आकर्षक होना चाहिए, आकर्षक नहीं होगा तो थोड़ी देर में कहोगे कि, "ऊब गए, ऊब गए!" समभाव का अर्थ यही नहीं होता कि सुख–दुःख में एक समान, सर्दी–गर्मी एक समान, धूप–छाँव एक समान; समभाव का अर्थ होता है कि मन पर कुछ ऐसा छाया हुआ है जिसकी पनाह में आने के बाद कहीं और जाने की जरूरत ही नहीं लगती। समता मिल गई है, अब ना विषमता बची है, ना ममता बची है, ना अहंता बची है। ये जीवन जीने के तरीके हैं, ये जीवन की कलाएँ हैं। और साथ–ही–साथ जीवन कैसा बीत रहा है, यह उसकी कसौटी है। तुम्हारा काम ऐसा है कि तुम्हें हर हफ्ते, दो हफ्ते, हर महीने, दो महीने छुट्टी ले करके कहीं भागना पड़ता है। तुम्हारा काम ऐसा है कि तुम्हें हफ्ते के अंत में शराब की पार्टी करनी पड़ती है। तुम्हारा काम ऐसा है कि घर लौटकर आते हो तो निढाल हो जाते हो और कहते हो कि, "आज काम बहुत हो गया, चलो अब टीवी लगाओ।" और काम से अर्थ है लक्ष्य, जीवन का केंद्र। वही तो काम बनता है । जो केंद्र पर है, वही कर्म बनेगा। केंद्र ही तो कर्म का निर्धारण कर देता है । कृष्ण जो बात कह रहे हों, उसको तुम बस धार्मिक और पवित्र वक्तव्य की तरह देखोगे तो उसका बहुत छोटा एक प्रतिशत, आंशिक लाभ मिलेगा। और अगर उनकी बात को जिन्दगी की तरह देखोगे तो जिन्दगी ऐसी खिल जाएगी कि विश्वास ना हो तुमको। समभाव का मतलब जानते हो क्या होता है? समय ठहर गया। समभाव जहाँ नहीं है, वहाँ तो घड़ी की टिकटिक है, "काम कब खत्म होगा?" समभाव का अर्थ है तुम समय से ही बाहर आ गए। जब जिन्दगी में एक ही चीज चल रही है तो समय के बीतने का पता किसको चले! इतना डूबकर कर रहे हैं, क्योंकि काम इतना आकर्षक और आवश्यक है, कि समय का पता ही नहीं चलता। कब दिन होता है, कब रात होती है, कौन जाने! कब मौत आ जाए, कौन जाने! यूँ ही मस्ती में, खुमारी में मर भी जाएँगे। कैसे मरेंगे? काम करते–करते। कौन सा काम? वह काम जिसे कर्मयोग कहा जाता है। अब तुमको मृत्यु का डर नहीं। जिसको मृत्यु का डर नहीं, वह मौत के पार निकल गया न। उसके खयालों में ही मौत नहीं है; उसके ख्यालों में अब काम है। सातत्य, कुछ ऐसा जो कभी ना टूटता हो, कुछ ऐसा जिसके प्रति निष्ठा कभी खत्म हो ही ना सकती हो।

**–आचार्य प्रशांत**

# सब्जी विक्रेताओं ने राहगीरों को बांटा शरबत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। फल सब्जी फुटकर व्यापार समिति ने अध्यक्ष रुपेंद्र नागर व कोषाध्य्यक्ष राम रूप गुप्ता के नेतृत्व में मंगल पड़ाव सब्जी मंडी में निकट डॉ. एसके अग्रवाल क्लिनिक के समक्ष चिल्लाती धूप व गर्मी से राहगीरों क्षेत्र वासियो को राहत पहुंचाने के लिए कच्ची लस्सी (मीठे शरबत ) और जलजीरे का वितरण किया। समिति के साथियों ने कार्यक्रम संयोजक दीपक केसरवानी व योगेश गोस्वामी, ललित जायसवाल की देख रेख में समिति के साथियो ने प्रात: 10 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक राहगीरो को राहत पहुचाने के उद्देश्य से शरबत वितरण किया। जिसमे जिसमें हजारों की संख्या में महिला , पुरुष और बुजुर्ग, बच्चों ने मीठे शरबत व जलजीरे का सेवन करते हुए गर्मी के मौसम में राहत महसूस की। समिति के अध्यक्ष रुपेन्द्र नागर ने बताया कि लगभग 4 से 5 हजार लोगो को मीठे शरबत व जलजीरे का वितरण किया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए आगे भी इस प्रकार का कार्यक्रम फल सब्जी



फुटकर व्यापार समिति के सहयोग से किया जाता रहेगा। शरबत वितरण सेवा में महामंत्री हसीन अंसारी, कोषाध्यक्ष रामरूप गुप्ता, मरगुल अहमद, नरेंद्र सक्सेना, पप्पू गुप्ता, मक्खन साहू, चेतन जायसवाल. धर्मेंद्र गुप्ता, अशोक कश्यप, दीपक केसरवानी, योगेश गोस्वामी, ललित जायसवाल विक्की सोनकर, धर्मेंद्र साहू , रिंकू राजपूत, श्रीराम गुप्ता, राजेश गुप्ता, खुर्शीद आलम, जगदीश कुमार, अभिषेक कश्यप, प्रमोद आर्य, मो. याकूब, सीताराम गुप्ता , रामस्वरूप गुप्ता, कांता प्रसाद, शिवम गुप्ता, मो. जाबिर आदि लोग सम्मिलित थे।

# उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन की भारती अध्यक्ष और एल्विना महामंत्री बनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन की 30 जून को होने वाले द्वितीय वार्षिक अधिवेशन के लिए नामांकन संपन्न हुआ।प्रांतीय बैठक में निर्वाचन समिति की अध्यक्ष सुश्री अंजना भौमिक, पुनेठा, सदस्य बबीता भाटिया, ऋतु सिंह, रश्मि कठैत, एवं ग्रीस उनियाल की देख रेख में आवेदन सम्मेलन संपन्न हुआ। कुल 07 पदों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 6 आवेदन अयोग्य घोषित किए गए। अन्य 03 प्रत्याशियों ने प्रत्याशियों को समर्थन देते हुए अपना आवेदन वापस ले लिया। नवनिर्वाचित प्रांतीय पदाधिकारियों में श्रीमती भारती जुयाल प्रदेश अध्यक्ष,श्रीमती एल्विना मैंथ्यू प्रदेश महामंत्री, मस्तराम प्रदेश कोषाध्यक्ष, श्रीमती वीना शाह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गिरीश उनियाल प्रदेश प्रभारी, श्रीमती छवि घिल्डियाल गढ़वाल मंडल अध्यक्ष चुने गए।चुनाव समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि 30



जून 2024 के नर्सिंग अधिवेशन में वर्तमान कार्यकारणी का त्याग पत्र एवं नवनिर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह मुख्यालय में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें समस्त नर्सिंग अधिकारी आमंत्रित होंगे।चुनाव समिति के साथ निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला, प्रांतीय महामंत्री कांति राणा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीमती विद्या चौबे, शालिनी चौधरी, पुरुषोत्तम त्यागी की उपस्थित में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई।

# कूड़ा निस्तारण का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/प्रशासक उदयराज सिंह द्वारा लीगेसी वेस्ट एवं निस्तारण की प्रगति का स्थलीय मौका मुआयना कर जायजा लिया । निरीक्षण दौरान उन्होंने 30 जून तक डंपिंग साइड लिगेसी वेस्ट को निस्तारित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा लीगेसी वेस्ट की नियमित रूप से ड्रोन से फोटो ली जाये ,जिससे डम्पिंग साईट के लिगेसी वेट निस्तारण का वास्तविक आंकलन हो सके। जिलाधिकारी ने कूड़ा निस्तारण हेतु सभी कार्य वैज्ञानिक तरीके से करने तथा एनजीटी के मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी द्वारा ट्रंचिग ग्राउण्ड में अवशेष एकत्रित लीगेसी वेस्ट के निस्तारण से प्राप्त आरडीएफ के निपटान हेतु नगर निगम में लीगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु अनुबन्धित फर्म मै दयाचरन एण्ड कम्पनी को चेतावनी के साथ निर्देशित किया गया कि वे आगामी 30 जून, तक टार्चिंग स्थल से आरडीएफ को हटाते हुए जीपीएस ट्रैकिंग के साथ उक्त निस्तारण की रिर्पोट प्रस्तुत करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधि. अभियंता न. नि. रूद्रपुर सौरभ कुमार व अनुबंधित फर्म के मेंनेजर आदि उपस्थित थे।





# भीम आर्मी ने निकाय चुनाव की तैयारियों पर किया मंथन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की जिला समीक्षा बैठक किच्छा विधानसभा में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने की। बैठक में आगामी निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की गयी और कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान जिला



प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र ,जिला उपाध्यक्ष ताहिर हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश भारती, एडवोकेट राजेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष गुलशन जाटव, विधनसभा अध्यक्ष राजपाल जाटव, अविरल सिंह, श्याम सुंदर, पंकज कुशवाहा, राजू राजेंद्र, जितेंद्र, अमित, अंकित, विजय, दूधनाथ भारती ,विकास आदि लागक उपस्थित रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर किया विचार विमर्श

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के गुरुग्राम स्थित हरी मंदिर प्रांगण में रविवार को सेवा भारती के तत्वाधान में नारी स्वावलंबन हेतु एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में सेवा भारती के प्रान्तीय अधिकारियों के साथ साथ मण्डल के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि सेवा भारती द्वारा सेवा केन्द्र गुरुग्राम में संचालित किया जा रहा है। इस सेवा केन्द्र में महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड तैयार किये जा रहे है। प्रशिक्षक सोनिया मण्डल सम्पूर्ण रूप से प्रशिक्षण दे रही है। बैठक में शक्तिफार्म क्षेत्र में केमिकल रहित सेनेटरी पैड को घर-घर प्रत्येक महिला तक कैसे पहुंचाया जाये इस पर गहन विचार-विमर्श किया गया । भविष्य में प्रत्येक महिला आत्म निर्भर हो, स्वावलंबी हो, परिवार, समाज, राज्य देश सुदृढ़ हो इसके लिए आगामी वर्षों में प्रत्येक गावं मे स्वावलंबन केन्द्र स्थापित किया की योजना बनाई गयी।



बैठक में मनोज विश्वास, प्रताप दत्त, महेन्द्र अग्रवाल, दिनेश तिवारी, जितेंद्र सिंह, सुमन्त्ता विश्वास, राजेश सरकार, अमल मण्डल, रवि मजुमदार, ऋतू गोलदार,दीपशिखा मण्डल,लीलिमा मजुमदार, अनिता दत्त,दीया, सावित्री मृद्धा, चम्पा सरकार, पिंकी, सुमित्रा, भवानी, सुष्मिता,रमा मण्डल आदि लोग मौजूद थे।

# भाईचारा एकता मंच के पोस्टर का हुआ विमोचन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। आहूजा धर्मशाला में आयोजित बैठक में भाईचारा एकता मंच के पोस्टर का विमोचन किया गया तथा संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को उनकी गाड़ी व घर पर लगाने के लिए स्टीकर वितरित किए गए। आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा की भाईचारा इतना मंच का पोस्टर बहुत आकर्षक और सुंदर बना है इसके अलावा कार्यकर्ताओं की गाड़ियों तथा घरों पर स्टीकर लगने से भाईचारा एकदम मंच का नाम शहर की हर बस्ती, हर गली दरवाजे तक पहुंच जाएगा जिससे आगामी नगर निकाय चुनाव में भाईचारा एकता मंच अपनी एक अहम भूमिका निभाएगा तथा संगठन के सहयोग से लड़ने वाले प्रत्याशी विजयी होंगे इस अवसर पर सीएनजी टेंपो यूनियन रुद्रपुर के अध्यक्ष सुब्रत विश्वास, पूर्व सभासद ओमप्रकाश गंगवार, डॉल्फिन कंपनी मजदूर यूनियन से आदेश गंगवार, भाईचारा एकता मंच के





केंद्रीय अध्यक्ष के पी गंगवार, कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव, सुमन पंत, शील चौधरी,आशा मुंजाल, राधा कृष्ण, आरती मौर्य, नीरू मिश्रा, भावना सक्सेना, प्रिया कोहली, नन्ही देवी, शकुंतला गंगवार, शबाना, सोना गुंजन, माही, उमेश भारती, विवेक, बबलू गंगवार,गीता, मीनू राय, संध्या गायन,सीमा शर्मा, ज्योति कोहली, काजल राघव, ममता चौहान, हेमलता, ओमप्रकाश गंगवार, चोखे लाल गंगवार,काजल सैनी, सुनीता आदि सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**ईद उल अजहा पर ..**मस्जिद व बिलाली मस्जिद के साथ ही काठगोदाम की ईदगाह मस्जिद में बड़ी सेख्या में प9हुंचे अकीदतमंदों ने नमाज अता कर अमन चैन की दुआऐं मांगी। इस दौरान सभी मस्जिदों में सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे। नमाज के बाद जहां मुस्लिम समज के लोगों ने गले मिल एक दूसरे को ईद की बधाई दी तो वहीं विभिन्न संगठनों से जुड़े तमाम लोगों ने भी नमाज स्थल पर पहुंचकर मुस्लिम समाज के लाों के गले मिल उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। **काशीपुर**- ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार यहां काशीपुर आईटीआई कुंडा बाजपुर महुआखेड़ा गंज तथा जसपुर समेत आसपास के क्षेत्रों मे पूरे अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ ईदगाह व मस्जिदों के आसपास जुटी रही। शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने सुबह 8:30 बजे ईदगाह में मुस्लिम भाइयों को ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। ईद उल अजहा की नमाज में मुस्लिम भाइयों ने मुल्क के तरक्की व अमन चौन के लिए दुआ की। नमाज अदा करने की साथ ही लोगों ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। अमन ओ अमान तथा मुल्क की तरक्की की दुआ के बाद अल्लाह की राह में अधिकांश मुस्लिम परिवारों में कुर्बानी की गई। कुर्बानी के गोश्त को तीन हिस्सों में बांटकर एक गरीबों को दूसरा रिश्तेदारों को तथा तीसरा हिस्सा स्वयं रखा गया। ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में खासी रौनक देखी गई। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन भी महत्वपूर्ण स्थानों पर मुस्तैद रहा। इसी तरह आईटीआई कुंडा जसपुर तथा औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज में भी ईद उल अजहा का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। **सितारगंज**- क्षेत्र में ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया इस दौरान विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह से ईद पर रहमत की बारिश के लिए दुआएं की। ईद उल अजहा पर्व के मौके पर क्षेत्र के दर्जनों इबादत गाह में अकीदत के साथ मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने नमाज अदा की। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। मस्जिदों के इमाम ने आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील की। इस मौके पर समाज के हजारों लोग मौजूद रहे।

**युवक की गोली मारकर..**चौक पर दोनों पक्षों के बीच बहस हुई और भारद्वाज ने पिस्टल निकालकर फायर कर दिया। रवि बडोला को गोली लगी और वह पास में ही गिर गया। जबकि सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी वहां से भागने लगे तो भारद्वाज ने उनकी पीठ पर गोली मार दी। जिससे वह दोनों गंभीर घायल हो गए। रवि बडोला के शव को नाली में फेंक कर भारद्वाज और उसके साथी फरार हो गए। देर रात हुए इस गोलीकाण्ड से हड़कम्प मच गया। सुबह करीब छह बजे डोभाल चौक के पास ही नाली में युवक का शव मिला। शव मिलने के बाद परिजन भड़ गये। परिजनों और स्थानीय निवासियों ने हंगामा करते हुए पुलिस को शव देने से इंकार कर दिया। सुबह से आरोपित के घर के बाहर भीड़ एकत्रित हो गई। गुस्साए लोगों ने आरोपी के घर पर पथराव भी किया। रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ भी मौके पर पहुंचे। विधायक के समझाने पर स्वजन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व में भी ब्याज पर पैसे देने को लेकर विवाद हो चुका है। आरोपित के घर के बाहर पुलिस बल तैनात है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया है।

**नहाने के दौरान...**के माध्यम से अवगत कराया गया। मौके पर पहुंच कर जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि 22 वर्षीय प्रतीक शर्मा पुत्र विश्व बंधु शर्मा निवासी लाखनोर नागल रोड सहारनपुर उत्तर प्रदेश अपने परिजनों के साथ गली नंबर 4 आवास विकास के सामने गंगा नदी में नहा रहा था, अचानक पानी में डूब गया। मौके पर पुलिस फोर्स, जल पुलिस, एसडीआरएफ की टीम पानी में डूबे हुए व्यक्ति की शुरू की। सर्च अभियान में सोमवार की प्रात: ऋषिकेश पुलिस जल पुलिस एवं एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने प्रतीक शर्मा का शव गंगा नदी से बरामद कर लिया। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई एम्स अस्पताल में की गयी।

**छत से गिरकर...**लिए छत पर चला गया। रात्रि लगभग एक बजे वह असंतुलित होकर छत से नीचे आ गिरा। आवाज सुनकर परिजनों के साथ अन्य लोग भी वहां आ पहुंचे। आनन फानन में शिव कुमार को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्यसालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिवार में पत्नी व दो बच्चे बताये जा रहे हैं। घटना सें परिजनों में कोहराम मचा है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500* BAJAJ FINSERV
आधार लाये उधार ले जाइये
CASH BACK UPTO 5%* SBI
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338